श्री रवि शंकर प्रसाद: सर, उसके इंचार्ज मंत्री यहां बैठे हुए हैं। सर, सुरेश पचौरी जी ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I cannot tell the Minister to respond here. He can do it on his own. ...(*Interruptions*)... You have brought it to the notice of the House. ...(*Interruptions*)...

SHRI S.S. AHLUWALIA: Sir, main witness is there, but they are simply saying that witness is not traceable. ...(*Interruptions*)... It is unfortunate. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You have brought to the notice of the House that some new evidence has come, that is sufficient. ...(*Interruptions*)...

SHRI S.S. AHLUWALIA: He appeared on the electronic media. ...(*Interruptions*)...

श्री रवि शंकर प्रसाद: सर, तीन हजार लोग मारे गए हैं। प्रधान मंत्री का आश्वासन है ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Electronic media comes out with so many things. Every thing cannot be right. ...(*Interruptions*)...

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD: Sir, Shri Suresh Pachouri is there. ...(*Interruptions*)...

श्री एस॰एस॰ अहलुवालिया: आपके प्रधान मंत्री जी का आश्वासन इस सदन में, क्या वह मिथ्या है?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Prasad, you have brought it to the notice of the House. I cannot ask the Minister to respond. It is his prerogative.

श्री एस॰एस॰ अहलुवालिया: वह बेकार है? प्रधान मंत्री जी का आश्वासन इस सदन में बेकार है? ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: ठीक है, ठीक है.... आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)... अली अनवर जी, बोलिए। ...(**व्यवधान**)... अली अनवर जी, मैं आपको बता देता हूं,

You have been allowed as a special case. Each Member will be allowed only one zero hour mention. Once in a week. This is your second mention. It has been admitted. I am just informing you.

Demand for discussion on reports of the Sachchar Committee and Rangnath Commission

श्री अली अनवर (बिहार): महोदय, एक साल हो रहा है सच्चर कमेटी की रिपोर्ट सदन में पेश हुए। अगर यह हाउस independent है, इसकी separate identity है, तो यहां उस पर बहस होनी चाहिए। एजेंडा पर आकर भी उस पर बहस नहीं हुई। सुन रहे हैं कि 3 तारीख से यह सेशन भी खत्म हो रहा है, 7 तारीख तक शेडयूल्ड है, अगर जरूरत पड़े, तो इसे आगे बढ़ाकर इस पर बहस होनी चाहिए। दूसरी बात मैं कहना चाहता हूं कि रंगनाथ मिश्रा कमीशन, जो इन्क्वायरी ऑफ कमीशन एक्ट के तहत गठित हुआ 9 महीने से ज्यादा हो गए हैं उसकी रिपोर्ट प्राइम मिनिस्टर साहब के यहां सुपुर्द कर दी गयी है। महोदय, 9 महीने में तो बच्चा भी पैदा हो जाता है। आप आदेश कीजिए, नहीं तो जच्चा-बच्चा दोनों की जान पर खतरा है। ...(**व्यवधान**)... महोदय, यह हंसने की बात नहीं है। दलित मुसलमानों और दलित इसाइयों के लिए मजहब की पाबंदी हटाने की बात है। हर मजहब में दलित हैं और उनको दलित का दर्जा और सहूलियत मिलनी चाहिए। यह रिकमेंडेशन सच्चर कमेटी और रंगनाथ मिश्रा कमीशन की है। महोदय, अंतुले साहब ने पिछले सत्र में जो फालोअप एक्शन रिपोर्ट रखी, उसमें क्या है, उसमें नथिंग कंक्रीट, नथिंग टाइम bound उसमें कुछ भी नहीं है। ऐसा लगता है कि वह किसी पार्टी का इलेक्शन मेनिफेस्टो है। इसलिए महोदय, उस पर बहस कराने की जरूरत है। सच्चर कमेटी और रंगनाथ मिश्रा कमीशन, दोनों ने जो मुसलमान एक बहुत बड़ी ...(**व्यवधान**)... एक तरफ तो कुछ लोग कहते हैं कि मुसलमानों को यह सच्चर कमेटी दे दी और दूसरी तरफ कुछ लोग यह कहते हैं कि मुसलमानों का अपीसमेंट हो रहा है। यहां उनकी एक छदाम तक से भी भेंट नहीं हुई ...(**समय की घंटी**)... किन्तु उन्हें कुछ नहीं मिला। इसलिए इस हाउस में इन दोनों को मिलाकर इस पर बहस होनी चाहिए। सरकार अगर बहस नहीं करती है तो आप जिस कुर्सी पर हैं, आप निर्देशित कीजिए और इसी चलते सत्र में प्राइम मिनिस्टर हाई पॉवर कमेटी, सच्चर कमेटी और रंगनाथ मिश्रा कमीशन,

2734RS—12B

दोनों पर हर हाउस में विचार हो यही हमारी गुजारिश है। ...(व्यवधान)...

श्री अमर सिंह (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं स्वयं को इससे संबद्ध करता हूं। यह बहुत गंभीर मामला है। ...**(व्यवधान)**...

श्रीमती माया सिंह (मध्य प्रदेश): महोदय, मैं माननीय सदस्य से स्वयं को संबद्ध करती हूं।

श्री अबू आसिम आजमी (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं माननीय सदस्य से स्वयं को संबद्ध करता हूं।

شری ابو عاصم اعظمی ''اتر پردیش' : مہودے، میں مانئے سدسئے سے خود کو سمبدھ کرتا ہوں۔

श्री उपसभापति: केवल असोसिएट कीजिए। ...(व्यवधान)...

श्री शाहिद सिद्दिकी (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं माननीय सदस्य से स्वयं को संबद्ध करता हूं।

شری شاہد صدیقی ''اتر پردیش'' : مہودے، میں مانئے سدسئے سے خود کو سمبدھ کرتا ہوں۔

डा० (श्रीमती) नजमा ए० हेपतुल्ला (राजस्थान): महोदय, मैं माननीय सदस्य से स्वयं को संबद्ध करती हूं।

श्री कलराज मिश्र (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं माननीय सदस्य से स्वयं को संबद्ध करता हूं।

श्री एस०एस० **अहलुवालिया** (झारखंड): मैं अपने आपको इससे संबद्ध करता हूं किन्तु उसके साथ-साथ मांग भी करता हूं कि रंगनाथ मिश्रा कमेटी की रिपोर्ट पहले सांसदों को उपलब्ध करायी जाए। अभी तक वह रिपोर्ट उपलब्ध नहीं है। न ही वह रिपोर्ट वेबसाइट पर उपलब्ध है और न उसको सर्कुलेट किया गया है। उस रिपोर्ट को पहले सांसदों को उपलब्ध कराया जाए। ...**(व्यवधान)**...

SHRI SHAHID SIDDIQUI: Sir, we want protection from you. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It has already been identified as an item. ...(*Interruptions*)... The time has been fixed by the BAC ...(*Interruptions*)...

श्री अमर सिंह: अंतुले साहब ने क्या कहा था? अंतुले साहब ने कहा था, टाइम बाउंड नहीं है। ...(व्यवधान)...

श्री एस०एस० अहलुवालिया: रंगनाथ मिश्रा कमेटी की रिपोर्ट अभी तक सांसदों को उपलब्ध नहीं है। वह उपलब्ध करायी जाए।

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुरेश पचौरी): आदरणीय उपसभापति महोदय, जैसा कि आपने स्वयं ने पीठासीन होते हुए यह इंगित किया है कि सच्चर कमेटी की रिपोर्ट पर चर्चा करने के लिए यह विषय चर्चा में आया है। यद्यपि चेयरमैन साहब के चेम्बर या बिजिनेस एडवाइजरी कमेटी की मीटिंग में जो चर्चा होती है, उसका उल्लेख यहां नहीं होता है। फिर भी मैं सरकार की ओर से इस बात को स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि सरकार सच्चर कमेटी की रिपोर्ट पर चर्चा करने के लिए तैयार है। जो भी समय आप नियम और प्रक्रिया के अनुसार तय करेंगे, सरकार उस पर चर्चा कराने के लिए तैयार है।

श्री रवि शंकर प्रसाद (बिहार): सर, आप हमारे विषय पर भी कुछ बोल देते। आप तो सीबीआई के भी मंत्री हैं, इसलिए उस पर भी कुछ बोल देते।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shrimati Supriya Sule.

UNESCO Report on Education

SHRIMATI SUPRIYA SULE (Maharashtra): Sir, through you, I would like to bring to the notice of the House the Education for All Global Monitoring Report, 2007. The report is

†Transliteration of Urdu Script.